महत्वपूर्ण/तत्काल

संख्या-60/921/84-डे0ई0-13-नि0-104/2001टी0सी0-।

प्रेषक,

धर्म चन्द्र पाण्डेय,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

अधिशासी निदेशक,
उ0प्र0 सचिवालय सत्कार सेवा संस्था,
जवाहर भवन, लखनऊ ।

उपभोक्ता संरक्षण एवं बॉट माप डे0ई0 लखनऊ :: दिनांक 12 नवम्बर, 2013

विषय:- उ0प्र0 सचिवालय सत्कार सेवा संस्था के कर्मचारियों की लम्बित 11 सूत्रीय माँगों के संबंध में ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या-43/921/84-डे0ई0-13-नि0-104/2001टी0सी0-।, दिनांक 30-10-2013 की ओर आपका ध्यान आकृष्ट करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्त संदर्भित पत्र में आपसे अपेक्षा की गयी थी कि संघ की 11 सूत्रीय माँगों के संबंध में अपनी बिन्दुवार आख्या/संस्तुति शासन को यथाशीघ्र उपलब्ध कराने का कष्ट करें, परन्तु उक्त बिन्दुवार वांछित आख्या/संस्तुति अभी तक शासन को उपलब्ध नहीं कराया गया है । चूँकि प्रकरण प्रमुख सचिव महोदय के आदेशों से संबंधित है। अत: अनुरोध है कि कृपया संघ की माँगो के संबंध में अपनी बिन्दुवार आख्या/संस्तुति शासन को अविलम्ब उपलब्ध कराने का कष्ट करें ।

भवदीय,

(धर्म चन्द्र पाण्डेय)
अनु सचिव ।

http://shasanadesh.up.nic.in/